
सार संक्षेप

# विदेश में चीनी के भाव लुढ़के



**न्यूयॉर्क** ◆ पिछले सप्ताह आईसीई एक्सचेंज में रॉ शुगर भारी के बाद नरम पड़ गई। पिछले शुक्रवार को पहले रॉ शुगर ने तीन सप्ताह का उच्च स्तर छुआ। इसके बाद बिकवाली बढ़ने से मूल्य में गिरावट आई गई। आईसीई एक्सचेंज में मार्च डिलीवरी रॉ शुगर 0.03 सेंट (0.2 फीसदी) गिरकर 19.42 सेंट प्रति पाउंड रह गई। इससे पहले इसने 19.58 सेंट प्रति पाउंड का तीन सप्ताह का उच्च स्तर छुआ था। दूसरी ओर लिफ्फे एक्सचेंज में मार्च डिलीवरी व्हाइट शुगर के दाम 40 सेंट (0.08 फीसदी) गिरकर 522 डॉलर प्रति टन रह गई। एक विश्लेषक ने कहा कि बाजार में चीनी की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में हो रही है। इस वजह से इसके मूल्य में कोई बड़ी तेजी आने के आसार नहीं है। (एजेंसी)